आवश्यक/महत्वपूर्ण

प्रेषक,

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/1134 दिनांकः 02 नवम्बर, 2026

विषयः **वर्ष 2027 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में संशोधन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ०प्र० की वर्ष 2027 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों की त्रुटियों के निराकरण हेतु सभी शैक्षिक विवरणों यथा विषय/वर्ग, छात्र के नाम, माता/पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि, जेन्डर, जाति, फोटो तथा कक्षा–11 के पंजीकरण में अंकित हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक को संशोधित कराये जाने हेतु **दिनांक 02.11.2026 से 12.11.2026 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक** परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in क्रियाशील रहेगी।

अस्तु प्रदेश के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अनिवार्य रूप से निर्देशित कर दें कि परिषद की वेबसाइट पर अपलोड हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2027 के सभी संस्थागत/व्यक्तिगत छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में निम्नांकित बिन्दुओं की विद्यालयीय अभिलेखों से भली–भाँति जांच करा ली जायः–

(1) छात्र, माता एवं पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि
(2) विषय/वर्ग संशोधन
(3) जेन्डर संशोधन
(4) जाति संशोधन
(5) माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) संशोधन
(6) फोटो संशोधन
(7) कक्षा–11 के पंजीकरण में अंकित हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक संशोधन

उपरिवर्णित संशोधन अपेक्षित होने पर सम्बंधित प्रधानाचार्य द्वारा पोर्टल पर लॉगइन कर समयान्तर्गत संशोधित विवरणों को अपडेट कर दिया जाए।

उक्त के अतिरिक्त, ऑफलाइन माध्यम से छात्र/छात्राओं की जन्मतिथि में संशोधन, छात्र/माता/पिता का पूर्ण नाम संशोधन एवं छात्र/छात्राओं के विवरण को नियमानुसार डिलीट/रिस्टोर किये जाने सम्बंधी संशोधन हेतु प्रधानाचार्यों से **दिनांक 16.11.2026** तक निम्नांकित प्रपत्रों के साथ प्रार्थना पत्र प्राप्त कर लेंः–

- छात्र का प्रवेश आवेदन पत्र
- एस0आर0 रजिस्टर की प्रमाणित प्रति
- उपस्थिति पंजिका की प्रमाणित प्रति
- परीक्षार्थी का पहचान पत्र
- कक्षा 9वीं अथवा 11वीं के पंजीकरण कार्ड की प्रतिलिपि

(कृ०प०उ०)

Scanned with CamScanner

- सही प्रविष्टियों से सम्बन्धित हलफनामा (Affidavit)
- जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित टी० सी०
- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित टी० सी०
- विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित आवेदन पत्र

उपरोक्त अभिलेखों/प्रपत्रों का परीक्षण कर अपनी संस्तुति सहित सुसंगत आख्या सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालय को **दिनांक 21.11.2026 तक** अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करे।

भवदीय

(भगवती सिंह)
सचिव

पृ०सं०– मा०शि०प०/सिस्टम सेल/11340(1-2) दिनांकः 02 नवम्बर, 2026

उक्त पत्र की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया मण्डल के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने स्तर से भी उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षे०का० मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी तथा गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि परिक्षेत्र के जिला विद्यालय निरीक्षकों के माध्यम से छात्र/छात्राओं की जन्मतिथि में संशोधन, छात्र/माता/पिता का पूर्ण नाम संशोधन एवं छात्र/छात्राओं के विवरणों को डिलीट/रिस्टोर से सम्बंधित ऑफलाइन प्राप्त प्रकरणों का भली–भॉति परीक्षण कर उपयुक्त पाये जाने की दशा में **दिनांक 30.11.2026** तक सम्बंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर कार्रवाई पूर्ण करायें। इसके साथ ही संशोधन के सम्बंध में प्रस्तुत साक्ष्यों को कार्यालय में सुरक्षित रखा जाए।

2/11/26

(भगवती सिंह)
सचिव

Scanned with CamScanner